7

310

15वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का कार्यवाही प्रतिवेदन

दिनांक 17.01.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, गंधार, जहानाबाद में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 15वीं बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सलाहकार समिति के सदस्यों (पदाधिकारियों/वैज्ञानिकों, कृषकों एवं कृषक महिलाओं, कृषि एवं संबंधी विभागों के अधिकारियों, एफ.पी.ओ., एन.जी.ओ. सदस्यों) ने भाग लिया।

भाग लेने वाले पदाधिकारियों/वैज्ञानिकों का नामः

1) डॉ. आर.के.सोहाने निदेशक, प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर
2) डॉ. प्रज्ञा भदौरिया, वरीय वैज्ञानिक, अटारी, आई.सी.ए.आर., जोन-4, पटना
3) डॉ. मुनेश्वर प्रसाद, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, गंधार, जहानाबाद
4) श्री रजनीकांत सिंह, डी.डी.एम. नाबार्ड, जहानाबाद
5) श्री अहमद अली रजा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जहानाबाद
6) डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जहानाबाद
7) श्री रूपेश कुमार अग्रवाल, सहायक निदेशक उद्यान, जहानाबाद
8) श्री राकेश कुमार, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, जहानाबाद
9) श्री अनिरूद्ध कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, जहानाबाद
10) श्री अविरल कुमार सिंह, प्रबंधक, जीविका, जहानाबाद
11) डॉ. सुबोध कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, बंधुगंज, जहानाबाद
12) ई. जीतेन्द्र, कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ(कृषि अभियंत्रण), कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद
13) डॉ. मनोज कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ(सस्य), कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद
14) डॉ. दिनेश महतो, विषय वस्तु विशेषज्ञ(पशुपालन), कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद
15) डॉ. वाजिद हसन, विषय वस्तु विशेषज्ञ(कीट विज्ञान), कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद
16) श्री संतोष शर्मा, किसान सदस्य ग्राम-सेरथुआ, प्रखंड-हुलासगंज, जिला-जहानाबाद
17) श्री मोहन प्रसाद वर्मा, किसान सदस्य, ग्राम-कोरमा, प्रखंड-घोषी, जिला-जहानाबाद
18) श्रीमति रेशम देवी, किसान सदस्य, ग्राम-अहियासा, प्रखंड-घोषी, जिला-जहानाबाद
19) श्रीमति शोभा देवी, किसान सदस्य, ग्राम एवं प्रखंड-मोदनगंज, जिला-जहानाबाद
20) श्री अभिशेख कुमार, किसान सदस्य, ग्राम एवं प्रखंड-जहानाबाद, जिला-जहानाबाद
21) श्रीमति अंजना सिंह, किसान सदस्य, ग्राम एवं प्रखंड-काको, जिला-जहानाबाद
22) श्रीमति इंदू देवी, किसान सदस्य, ग्राम-टेहटा, प्रखंड-मखदुमपुर, जिला-जहानाबाद
23) श्रीमति सुनैना देवी, किसान सदस्य, ग्राम-कोरमा, प्रखंड-घोषी, जिला-जहानाबाद

इस बैठक में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 14वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर सकारात्मक चर्चा हुई तथा निम्नलिखित अनुशंसा एवं निर्णय लिये गयेः-

- पोषण वाटिका में औषधिय पौधे को शामिल किया जाये। अगली बैठक में पान अनुसंधान केन्द्र, इस्लामपुर के प्रभारी वैज्ञानिक को औषधीय पौधों के गार्डेन की स्थापना हेतु आमंत्रित किया जाय।
- आगामी 3 माह का प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार किया जाये एवं संबंधित विभागों को भेजा जाय।
- ऑन फार्म ट्रायल, प्रथम पंक्ति प्रत्यक्षण एवं जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम में मिट्टी जाँच करवाई जाय।
- नवीनतम तकनिकियों का जिला के कृषि एवं संबंधी विभागों के प्रसार कार्यकत्ताओं का प्रशिक्षण करवाया जाय।
- प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में केन्द्र के सभी कर्मचारियों के साथ मासिक बैठक किया जाये एवं इसका प्रतिवेदन प्रसार शिक्षा निदेशालय, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर, निदेशक अटारी, जोन-4 पटना को भेजा जाय।

लगातार .... पेज 2

- मोटे अनाजों एवं उनके उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु नाबार्ड, जहानाबाद से सहयोग लेकर किसानों को लाभ पहुँचाया जाय।
- जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रत्यक्षण के लिए कृषि यंत्र के उपयोग के बाद गैर अंगीकृत गाँव के किसानों को सुविधानुसार उपलब्ध करवाया जाय।
- फसल विविधीकरण विषय पर आत्मा, जहानाबाद के सहयोग से प्रशिक्षण का आयोजन किया जाय।
- फसल अवशेष प्रबंधन द्वारा किसानों क आय को बढ़ावा दिय जाने हेतु मशरूम उत्पादन, धान पुआल बंडल निर्माण, वर्मी कंपोस्ट निर्माण इत्यादि विषय पर प्रशिक्षण दिया जाय।
- जिला पशुपालन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाय।
- प्राकृतिक कृषि में मोटे अनाजों का प्रत्यक्षण एवं किसानों को प्रशिक्षण कार्य किया जाय।
- मॉडल स्वच्छ गाँव विकसित किया जाय जिसमें अंगीकृत गाँवों में जागरूकता प्रशिक्षण एवं कचड़ा प्रबंधन पर कार्यक्रम किया जाय।
- आगामी वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में धान पुआल से सजावटी कलाकृति निर्माण संबंधित एक किसान, निकरा परियोजना से संबंधित गाँव से एक प्रगतिशील किसान, प्राकृतिक कृषि से संबंधित एक किसान, तथा मशरूम उत्पादन संबंधित एक किसान को शामिल किया जाय।
- बीज प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग पर प्रशिक्षण हेतु किसान को जिले एवं राज्य से बाहर भेजा जाय।
- वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अनुशंसाओं को सभी संबंधित विभागों को जानकारी हेतु प्रेषित किया जाय।

अंत में डॉ. मनोज कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ(सस्य) के धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक संपन्न हुई।

(हस्ताक्षर) 23.1.24

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, जहानाबाद

ज्ञापांकः KVK-VII/III/SAC/510 दिनांकः 23.01.2024

- सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- क्षेत्रीय निदेशक, कृषि अनुसंधान संस्थान, पटना /निदेशक, अटारी, आई.सी.ए.आर., जोन-4, पटना/ निदेशक, प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 23.1.24

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान